ऐ मेरे श्याम दौड़ के

ऐ मेरे श्याम दौड़ के आजा,
बिन तेरे ज़िन्दगी अधूरी है,
आ के तो देख मेरी हालत को,
बिन तेरे हर खुशी अधूरी है,
ऐ मेरे दौस्त लौट के आजा…

बन के हमदर्द मेरा हमसाया,
तू मेरी ज़िन्दगी में आया था,
प्यार अपनों से भी ज़्यादा किया मुझे तूने,
लोग कहते हैं तू पराया था,
ऐ मेरे श्याम दौड़ के के आजा…

मेरे दिल से तेरा ही नाम निकले,
तू जहां भी रहू तेरा ध्यान रहे,
भूल के भी ना भूला पाऊं मैं तुझे हमदम,
हर घड़ी बस तेरा ख्याल रहे,
ऐ मेरे श्याम दौड़ के आजा…

याद आते हैं जब करम तेरे,
मेरी आंखों से अश्क बहते हैं,
तेरे अहसानों का बदला मैं चुकाऊं कैसे,
बहते आंसू ये मुझसे कहते हैं,
ऐ मेरे श्याम दौड़ के आजा…

सिंगर
योगेश चतुर्वेदी 9351505230
नवरत्न पारीक 9887140192
योगेश चतुर्वेदी 9351505230
नवरत्न पारीक 9887140192

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/2982/title/ehe-mere-shyam-dorh-ke-aaja-bin-tere-zindgai-adhuri-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |